आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उन्नीस अप्रेल को होने वाले मतदान के लिए ईवीएम और वीवी पैट का संचालन का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- दक्षिण अण्डमान जिले में इस बार दो लाख दस हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने आपातकालीन सेवाओं के लिए फोन संख्या एक एक दो डायल करने को कहा है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उन्नीस अप्रेल को होने वाले मतदान के लिए ईवीएम और वीवी पैट का संचालन का कार्य पूरा कर लिया गया है। बनावटी मतदान के बाद इसे आईटीएफ मैदान के पीछे स्थित भंडार केन्द्र में सुरक्षित रखा गया है। कल द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा के साथ ईवीएम कमीशनिंग कार्य की समीक्षा करने के लिए इस क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट के संचालन के लिए निर्वाचन अधिकारी और उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की। ईवीएम अब भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार पूरी सुरक्षा और अधिकारियों की निगरानी में द्वीपों के सभी चार सौ बारह मतदान केन्द्रो में इसे भेजा जाएगा। ईवीएम, वीवी पैट तथा अन्य चुनाव सामग्रियों को भेजते समय इसकी जानकारी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी दी जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से ईवीएम और वीवी पैट के सुचारू संचालन के लिए ईसीआईएल से अभियंताओं की भी नियुक्ति की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में इस बार के चुनाव में तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ अड़तालीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोर्ट ब्लेयर तहसील में सबसे अधिक एक लाख उनचास हजार छः सौ छियासठ मतदाता है। इनमें उन्यासी हजार दो सौ अड़सठ पुरूष और सत्तर हजार तीन सौ छियानब्बे महिला मतदाता है।

डिगलीपुर तहसील में कुल चौतीस हजार सात सौ छिहत्तर मतदाता है। इनमें पुरूषों की संख्या अट्ठारह हजार एक सौ इक्यासी और महिलाओं की संख्या सोलह हजार पांच सौ चौरानब्बे है। मायाबन्दर तहसील में नौ हजार आठ सौ अड़तीस पुरूष और नौ हजार दो सौ छप्पन महिला मतदाता है। इस तहसील में कुल मतदाताओं की संख्या उनीस हजार चौरानब्बे है। रंगत तहसील में पच्चीस हजार सात सौ आठ कुल मतदाता है। यहां पुरूषों की संख्या तेरह हजार एक सौ चौदह है जबकि महिलाओं की संख्या बारह हजार पांच सौ चौरानब्बे हैं। कुल मिलाकर मध्योत्तर अंडमान ज़िले में उन्यासी हजार पांच सौ अट्ठहत्तर मतदाता है। इनमें इक्तालीस हजार एक सौ तैंतीस पुरूष और अड़तीस हजार चार सौ चौवालीस महिला मतदाता है। फ़रारगंज तहसील में तेईस हज़ार तीन सौ इक्यानब्बे पुरूष और बाईस हजार नौ सौ इक्यानब्बे महिला मतदाता है जबकि लिटिल अंडमान तहसील में चौदह हजार नब्बे मतदाता है। इनमें सात हजार दो सौ इक्कीस पुरूष और छः हजार आठ सौ उन्हत्तर महिलाएं है।

दक्षिण अंडमान ज़िले में कुल मतदाताओं की संख्या दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस है। इनमें पुरूषों की संख्या एक लाख नौ हजार आठ सौ अस्सी और महिलाओं की संख्या एक लाख दो सौ छप्पन है। निकोबार ज़िले में कुल मतदाताओं की संख्या पच्चीस हजार चार सौ इकत्तीस है। इनमें बारह हजार नौ सौ निन्यानब्बे पुरूष और बारह हजार चार सौ बत्तीस महिलाएं है। कार निकोबार में बारह हजार छः सौ छत्तीस, ननकौड़ी में छः हजार नौ सौ सत्रह और कैम्पबेल में पांच हजार आठ सौ अट्ठहत्तर मतदाता है।

<><><><><><><>

पुलिस स्टेशन कैंपबेल बे और आई आर बी एन के कर्मियों ने मिनी स्टेडियम, कैंपबेल बे में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। लोकसभा चुनाव से पहले ग्रामवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस और आईआरबीएन के कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने मतदान के महत्व पर जोर देते हुए प्ले कार्ड और बैनर प्रदर्शित किए। युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देते हुए उपस्थित लोगों को मतदान के बारे में जागरूक किया गया। टेरेसा पुलिस स्टेशन के कर्मियों द्वारा परिसर में पुलिस और स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों के बीच स्वीप के तहत एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का भी आयोजन किया गया।

मतदाताओं को उनके मताधिकार के बारे में बताया गया, जिसका उद्देश्य स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व पर जोर देना और आदिवासी ग्रामीणों को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर आगामी आम चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की स्वीप टीम की ओर से सेवा निकेतन में बाल देखभाल संस्थान में पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी से बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने ऐसे सभी मतदाताओं को चुनाव का पर्व देश का गर्व को दर्शाती टी–शर्ट व स्मारिका का भी वितरण किया। उधर, पुलिस थाना तेरेसा की ओर से ग्रामवासियों के लिए थाना परिसर में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया और उपस्थिति को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी ने कल अपना स्थापना दिवस मनाया। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में बूथ, मंडल और जिला स्तर पर पार्टी का झंडा फहराया गया और संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी के मुख्यभूमि से आए नेताओं के अलावा स्थानीय अध्यक्ष अजय बैरागी और अन्य नेताओं ने द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। बाइक रैली का आयोजन किया गया तथा कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने आम जनता से किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए फोन नम्बर एक एक दो डायल करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस नम्बर के माध्यम से आम जनता को संबंधित विभागों की ओर से तुरन्त आपातकालीन सेवा उपलब्ध करा दी जाएगी।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में खेले जा रहे डी.जी.पी कप टी–ट्वेन्टी क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल आज खेला जाएगा। फाइनल दिन में बारह बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

चुनाव के दौरान एस एम एस के गलत इस्तेमाल को रोकने तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से आम जनता के लिए एक समर्पित व्हाट्सऐप नम्बर जारी किया गया है। आम जनता नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर डायल कर आपत्तिजनक संदेशों की जानकारी दे सकते है। जानकारी देते समय उन्हें संदेशवाहक के नम्बर आदि का विवरण देना होगा। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस जांच–पड़ताल करेगी और नियमों के तहत कार्रवाई करेगी। इसके माध्यम से ऑनलाइन अपराध को भी रोका जा सकेगा। पुलिस ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की कामना करते हुए उनसे सतर्क रहने और ऐसे किसी भी सोशल मीडिया के दुरूपयोग व एस एम एस के गलत इस्तेमाल की रिपोर्ट देकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सहयोग देने को कहा है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

देश में होने वाले आम चुनाव के लिए मतदाताओं की विशेषकर युवा मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय चुनाव आयोग की ओर से ऐसे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह मे ंभी विभिन्न स्तर पर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है– डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने जागरूकता अभियान पर ही सुर्खी दी है–युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर कई अभियानों की शुरूआत की। डाक मतपत्र के लिए चुनाव अधिकारियों के लिए डीब्रेट में चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को इंफो इंडिया और अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। अण्डमान निकोबार पुलिस की ओर से द्वीपों के विभिन्न भागों में अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने इन खबरों को अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>